


नवभारत
भोपाल, बुधवार 15 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में

### परिचय कार्यशाला 15 से 29 तक

**राजगढ़ 14 अक्टूबर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में आनंद विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. कार्यकम में ब्लाक स्तर पर शासकीय सेवक विशेष तौर पर राजस्व, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगर पालिका/परिषद, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्यं विभागों के विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहेगें. कार्यक्रम का आयोजन आजीविका मिशन भवन जीरापुर प्रशिक्षण स्थल पर 15 अक्टूबर को किया जाएगा. इसी प्रकार विकासखंड ब्यावरा अंतर्गत बीआरसी भवन में 16 अक्टूबर, विकासखंड राजगढ़ की जनपद पंचायत में 23, विकासखंड सारंगपुर की आजीविका मिशन में 24, विकासखंड खिलचीपुर की जनपद पंचायत में 27 एवं विकासखंड नरसिंहगढ़ अंतर्गत आजीविका मिशन भवन में 29 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा.

### 11वीं में प्रवेश ऑनलाइन

**राजगढ़ 14 अक्टूबर, का.** प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी द्वारा बताया गया कि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कचनारिया सुस्तानी में कक्षा 11वीं में सत्र 2026-27 में रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है.

# हड़ताल से ठप्प हुई नगर की व्यवस्थाएं

## वेतन नहीं मिलने पर आर्थिक संकट से जूझ रहे ब्यावरा नगर पालिका कर्मचारी हड़ताल पर बैठे

**वेतन नहीं मिलने पर नपा कर्मचारी हड़ताल पर**

**एकजुट हुए नपा कर्मचारियों ने कार्यालय के सामने दिया धरना**

**शाम तक नहीं बना सामंजस, हड़ताल जारी**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 अक्टूबर. नगर पालिका परिषद ब्यावरा के कर्मचारियों को बीते कई माह से वेतन नहीं मिलने के कारण भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. इसको लेकर मंगलवार से कर्मचारियों ने लामबंद होकर कामकाज बंद कर हड़ताल शुरु कर दी. हड़ताल के कारण नगर की सफाई और पेयजल सप्लाई व्यवस्था बुरी तरह ठप्प हो गई.**

गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद ब्यावरा के कर्मचारियों को पांच माह या कई कर्मचारियों को इससे भी अधिक समय से वेतन नहीं मिला है. कर्मचारी भारी आर्थिक संकट का सामना करने को मजबूर है.

**ज्ञापन के बाद हड़ताल-** कर्मचारियों के द्वारा इतने समय से वेतन नहीं मिलने के कारण होने वाली आर्थिक परेशानी को लेकर वह जिम्मेदारों को आवेदन देकर अपनी समस्या बता चुके है. हाल ही में नपा द्वारा दो माह के वेतन का भुगतान करने का आश्वासन दिया था. परन्तु यह वेतन भी नहीं दिए जाने के बाद आखिरकार कर्मचारियों ने एकजुट होकर मंगलवार से काम बंद कर हड़ताल प्रारंभ कर दी. नपा कार्यालय के सामने टेंट लगाकर धरना दिया.

### आर्थिक संकट से जूझ रहे

नपा कर्मचारियों को इतने माह से वेतन नहीं मिलने के कारण भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है. वेतन नहीं मिलने से घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो चला है. घर का किराया, किराना, स्कूलों की फीस देना भारी पड़ रहा है. अब दीपावली त्यौहार आने वाला है. कर्मचारियों को कितना अधिक आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है.

### शाम तक नहीं बनी बात

कर्मचारियों के द्वारा नपा कार्यालय के सामने टेंट लगाकर धरना दिया गया. इस दौरान जनप्रतिनिधि, जिम्मेदार लोग यहां आये और कर्मचारियों से चर्चा कर हड़ताल समाप्त करवाने के प्रयास किए गये किंतु कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े रहे और शाम तक हड़ताल समाप्त करने को लेकर कोई ठोस पहल नहीं हो सकी. जानकारी के अनुसार नपा द्वारा फिलहाल कर्मचारियों को दो-दो माह का वेतन भुगतान करने की बात रखी किंतु कर्मचारी यूनियन के द्वारा इसी काफी कम मानते हुए कहा कि जिन कर्मचारियों का 9 माह का वेतन रुका है उनको 5 माह का वेतन, 7 माह से रुके वेतन वाले कर्मचारी को 4 माह का वेतन तथा जिन कर्मचारी का 6 एवं 5 माह का वेतन रुका है उनको 3 माह का वेतन दिए जाने की बात रखी. साथ ही कहा गया कि दो माह के भीतर बाकी शेष वेतन को क्लीयर किया जाये.

**सड़को पर बिखरा कचरा-** ठीक त्यौहार के समय साफ-सफाई एवं पेयजल सप्लाई व्यवस्था बुरी तरह ठप्प होने के कारण आमजन को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा. सफाई नहीं होने से सड़क, गली-मोहल्लो में कचरा बिखरा पड़ा रहा.

**पेयजल सप्लाई ठप्प, परेशानी-** पेयजल सप्लाई नहीं होने से पानी का संकट और गहरा गया. विदित है कि पूर्व से ही पेयजल सप्लाई का अंतराल काफी बढ़ गया है, ऐसे में पेयजल सप्लाई बंद होने से पेयजल संकट और अधिक गहरा गया. ट्यूबवेल भी नहीं चलने से लोगों को पानी के लिए काफी दिक्कत उठाना पड़ी. जबकि दीपावली के चलते साफ-सफाई का कार्य चल रहा है जिसमें पानी की कहीं अधिक आवश्यकता लग रही है.



# घुटनों के बल चले किसान, कहा भावांतर नहीं भाव चाहिए

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 अक्टूबर. भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों ने फसल बीमा योजना के लाभ और भावांतर योजना में भाव को प्राथमिकता देने की मांग की. किसान घुटनों के बल सांकेतिक रूप से विरोध करते हुए पहुंचे और ज्ञापन देकर अपनी मांगे रखी.**

ज्ञापन में किसानों ने बताया कि वर्तमान में घोषित भावांतर योजना किसानों के बजाय कुछ बड़ी कंपनियों के फायदे के लिए है. इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए. फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य से खरीदी सुनिश्चित की जाए. अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान का जायजा सैटेलाइट सर्वे के बजाय पटवारी से मौका मुआयना के माध्यम से कराया जाए. खाद संकट सरकार की अक्षमता और असफलता का कारण है.

खाद का पर्याप्त भण्डारण किया जाए. प्रदेश में नकली खाद और बीज बेचने वालों पर कार्यवाही नहीं की जा रही है. किसानों को कम से कम 12 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए. स्मार्ट मीटर योजना रद्द की जाए. दुग्ध सहकारी समितियों को बोनस देने वाली घोषणा का पालन सुनिश्चित किया जाए. भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह तोमर सहित किसान शामिल रहे.

# रोजगार सहायकों की कलमबंद हड़ताल शुरू

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 अक्टूबर. जनपद पंचायत राजगढ़ अंतर्गत ग्राम रोजगार सहायक संगठन द्वारा अपनी मांगों के संबंध में दिनांक 08 अक्टूबर को जनपद सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपा गया था. किंतु उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है. इसी के चलते ब्लॉक राजगढ़ की पंचायतों के रोजगार सहायकों ने 13 अक्टूबर से कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी है.** संगठन का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी. रोजगार सहायकों का मुख्य आरोप है कि जनपद पंचायत राजगढ़ के सीईओ आशीष जोशी द्वारा ग्रामीण विकास विभाग भोपाल से स्पष्ट आदेश प्राप्त होने के बावजूद रोजगार सहायकों को सचिव प्रभार से वंचित रखा जा रहा है, जो कि शासन के आदेशों की अवहेलना है.

# 6 घंटे गुल रहेगी कई क्षेत्र में बिजली

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 14 अक्टूबर, का.** 11 के.व्ही. मुल्तानपुरा फीडर के तहत आज मैंटेनेंस का कार्य होना है जिसके चलते प्रात: 11 से शाम 5 बजे तक फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रो में बिजली सप्लाई बंद रहेगी. एई अजित भुमरकर के अनुसार मुल्तानपुरा, नवीन भवन स्कूल, 132 के.व्ही. आदि क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

# बड़ी मात्रा में अवैध शराब और लहान का जखीरा जब्त

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 14 अक्टूबर.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के मार्गदर्शन में गत दिवसों में नरसिंहगढ़ एवं सारंगपुर में आबकारी संयुक्त दल द्वारा अवैध मदिरा संग्रहण, विक्रय के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर भारी मात्रा में अवैध मदिरा जप्त कर कार्यवाही की गई. वृत्त प्रभारी श्रीमती पूजा चंदन वर्मा द्वारा तलेन, इकलेरा, नहाली, चौमा, बरनावद मे आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) तहत 11 प्रकरण कायम कर विदेशी मदिरा बीयर 12ली, देसी मदिरा मसाला एवं प्लेन 15.4ली, हाथ भट्टी कच्ची मदिरा 38 लीटर जप्त की गयी. सारंगपुर वृत्त प्रभारी श्री सौरभ कनासे द्वारा ग्राम बनी, कुडलसा, टिकोद, रेठानी, बुडनपुर में आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) तहत 12 प्रकरण कायम कर विदेशी मदिरा बीयर 3.5 ली, देशी मदिरा मसाला 5 ली एवं प्लेन 2.8 ली, हाथ भट्टी कच्ची मदिरा 20 ली. जप्त की गयी एवं 840 किलो महुआ लहान मौके पर नष्ट किया. राजगढ़ वृत्त प्रभारी संदीप कुमार लोहानी द्वारा ग्राम हथाईखेड़ा, करेडी, बखेड़, धुलेन, में संदिग्ध 4 स्थल पर दबिश देकर 7.2 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 2.52 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के 04 आपराधिक प्रकरण कायम किए गए. उक्त कार्यवाही में परिवीक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री अर्चना भवारे, आबकारी मुख्य आरक्षक मोहन सिंह यादव, आरक्षक सुश्री राशिका साहू आदि शामिल रहे.


